वेबसाईट : www.abvp.org
पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 8 मार्च 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप कार्यकर्ता पर प.बंगाल में हमला, सरकार हिंसा रोकने में विफल।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में अभाविप कार्यकर्ता तथा उनके परिवारजन पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा किए गए हमले की कड़ी निन्दा करती है। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार द्वारा समर्थित हिंसा लगातार जारी है, जिसके कारण आम जनमानस का जीवन दुश्वार हो गया है।

मंगलवार को पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में अभाविप की स्थानीय इकाई के सहमंत्री जगदीश महतो, उनके वृद्ध पिता तथा भाई के साथ तृणमूल कांग्रेस के गुंडों द्वारा की गई हिंसा में अभाविप कार्यकर्ता तथा उनके परिवारजन को गंभीर चोटें आई हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों पर चोट तथा हिंसा की शर्मनाक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसे रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "पश्चिम बंगाल, तृणमूल कांग्रेस की राजनीतिक हिंसा का गढ़ होता जा रहा है। लोकतांत्रिक देश में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का अधिनायकवादी चरित्र, पश्चिम बंगाल की जनता के लिए दिन प्रतिदिन मुश्किलें खड़ी कर रहा है। राज्य सरकार की शह पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता लोगों पर लगातार हमले कर रहे हैं। बीते दिन अभाविप के एक कार्यकर्ता को फेसबुक पोस्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया और आज बैरकपुर की दूसरी घटना में अभाविप कार्यकर्ता के साथ हिंसा हुई। ये घटनाएं शर्मनाक तथा दुर्भाग्यपूर्ण हैं। पश्चिम बंगाल सरकार हिंसा की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से विफल रही है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)